# बिहार कर्मचारी चयन आयोग,
## पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14
## आवश्यक सूचना

ज्ञापांक–2534/आ0  पटना, दिनांक–7.8.2024

राज्य में कार्यालय परिचारी/परिचारी (विशिष्ट) की रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति की प्रक्रिया के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा CWJC No.-18612/2019, CWJC No.- 18070/2019, 17070/2019, 18148/2019 तथा CWJC No.- 18443/2019 में दिनांक–18.12.2019 को पारित न्यायादेश तथा MJC No.-72/2021 (CWJC No.-10967/2018 से उदभूत) एवं समरूप मामलों में पारित आदेशों के अनुपालन हेतु विभिन्न विभागों/जिला की रिक्तियों को भरने हेतु निर्गत विज्ञापनों के आलोक में पूर्व में आवेदन समर्पित करनेवाले आवेदकों की One time measure के रूप में प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित करने हेतु आयोग के आवश्यक सूचना ज्ञापांक–1555/आ0, दिनांक–31.03.2023 द्वारा पूर्व में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का आवेदन आयोग के पोर्टल पर प्राप्त किया गया है, जिसे संबंधित जिला द्वारा स्वीकृत/निरस्त करने की कार्रवाई की गयी है।

सामान्य प्रशासन विभाग के निर्णयानुसार जिन जिलों द्वारा दिनांक–12.12.2012 के पूर्व प्रकाशित विज्ञापन हेतु उम्मीदवारों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता अष्टम वर्ग उत्तीर्ण होगी तथा उनके परीक्षा का प्रश्न अष्टम वर्ग स्तर का होगा तथा दिनांक–12.12.2012 के पश्चात प्रकाशित विज्ञापन हेतु उम्मीदवारों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक अथवा समकक्ष उत्तीर्ण होगी तथा उनके परीक्षा का प्रश्न दसवीं/समकक्ष स्तर का होगा।

प्रतियोगिता परीक्षा हेतु आयोग द्वारा अनुमोदित 8वीं स्तर का पाठ्यक्रम अनुलग्नक–1 के रूप में तथा 10वीं स्तर का पाठ्यक्रम अनुलग्नक–2 के रूप में संलग्न है।

प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक–15.09.2024 को दो पालियों में निर्धारित है।

(i) प्रथम पाली में पूर्वाह्न–10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक 8वीं स्तर के लिए।

(ii) द्वितीय पाली में अपराह्न–03:00 बजे से अपराह्न–05:00 बजे तक 10वीं स्तर के लिए।

परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र आयोग के वेबसाईट से ही डाउनलोड किया जा सकेगा, इसके लिए आवश्यक निदेश एवं तिथि आयोग के वेबसाईट पर ससमय प्रदर्शित की जायेगी।

अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट–https//bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहेंगे।

अनु0– 1. 8वीं स्तर का पाठ्यक्रम।
2. 10वीं स्तर का पाठ्यक्रम।

06.08.2024

संयुक्त सचिव
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।

# कार्यालय परिचारी / परिचारी विशिष्ट (28 जिला)

## 8 वीं स्तर का पाठ्यक्रम

**1. सामान्य अंक गणित — 30 अंक**

परिमेय संख्या, वर्गमूल, घनमूल, प्रतिशतता, लाभ–हानि, बट्टा, कर, शेयर, लाभांश, साधारण ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज, समय एवं दूरी, समानुपात एवं प्रतिलोम समानुपात, समय और काम।

**2. सामान्य ज्ञान — 40 अंक**

- संसाधन, भारतीय कृषि, उद्योग(लौह इस्पात, वस्त्र, सूचना प्रौद्योगिकी), मानव संसाधन, एशिया महादेश का संक्षिप्त परिचय।
- भारत में कंपनी शासन की स्थापना, ग्रामीण जीवन एवं समाज, उपनिवेशवाद एवं जनजातीय समाज, शिल्प एवं उद्योग, 1857–58 का विद्रोह, ब्रिटिश शासन एवं शिक्षा, महिलाओं की स्थिति एवं सुधार, जातीय व्यवस्था की चुनौतियाँ, उपनिवेशवाद एवं शहरी बदलाव, कला क्षेत्र में परिवर्तन, राष्ट्रीय आन्दोलन, स्वातंत्र्योत्तर भारत।
- संविधान, संसदीय सरकार, न्यायिक व्यवस्था, आर्थिक उत्थान में सरकार के प्रयास, बाजार, आर्थिक जीवन में सहकारी बैंक का महत्व, सहकारिता, वर्त्तमान आर्थिक एवं सामाजिक मूल्य।
- फसल उत्पादन, पदार्थ / सामग्री / वस्तुएँ, सजीवों का संसार, बल, घर्षण, दाब, ध्वनि, प्राकृतिक घटनाएँ (वर्षा, बिजली का चमकना, तड़ित, भूकम्प, प्रकाश, आकाशीय पिंडों की पहचान एवं वर्गीकरण), वायु एवं जल प्रदूषण के कारण, प्रभाव एवं रोकथाम, विद्युत धारा एवं विद्युत परिपथ।
- समसामयिक घटनाऐं

**3. सामान्य हिन्दी — 30 अंक**

- मुहावरा, पर्यायवाची शब्द, लोकोक्ति, संधि एवं उसके प्रकार, संज्ञा, श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द, अनेकार्थक शब्द, समास एवं उसके भेद
- आठवीं कक्षा की हिन्दी पाठ्यपुस्तक कविता, कहानी इत्यादी के रचनाकार, अंश, शब्दार्थ (तत्सम, तदभव, अरबी–फारसी), अनुच्छेद पर आधारित प्रश्न, विपरीतार्थक शब्द, उपयुक्त शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति, प्रश्नवाचक एवं विस्मयादि वाक्य / शब्द, वाक्य रचना (सरल या साधारण वाक्य, मिश्र वाक्य, संयुक्त वाक्य)

**नोटः– उपरोक्त पाठ्यक्रम शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत कक्षा–8 पाठ्यक्रम के आधार पर तैयार किया गया है।**

अनुलग्नक - 2

## कार्यालय परिचारी/परिचारी विशिष्ट (28 जिला)

## 10 वीं स्तर का पाठ्यक्रम

**1.** सामान्य अंक गणित — 30 अंक

लघुत्तम समापवर्त्य (LCM), महत्तम समापवर्तक (HCF), वास्तविक संख्या, परिमेय संख्या, अपरिमेय संख्या, पूर्णांक संख्या, वर्गमूल, घनमूल, प्रतिशतता, लाभ–हानि, बट्टा, बिक्रीकर, साधारण ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज, समय एवं दूरी, समानुपात एवं प्रतिलोम समानुपात

**2.** सामान्य ज्ञान — 40 अंक

- संसाधन एवं उसके प्रकार, वन एवं वन्य जीव संसाधन, जल संसाधन, कृषि एवं फसलें, खनिज एवं उर्जा संसाधन, विनिर्माण उद्योग, राष्ट्रीय अर्थ–व्यवस्था, मानचित्र अध्ययन
- संघवाद, भारत की संघीय व्यवस्था, केन्द्र–राज्य संबंध, भारत की भाषा, लोकतंत्र एवं विविधता, भारत की समाजिक और धार्मिक विविधता, राजनीतिक दल
- मुद्रा और साख, वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापार और भूमंडलीकरण, अर्थव्यवस्था और आजीविका।
- भारत का इतिहास, संस्कृति, भूगोल, स्वतंत्रता आंदोलन, पंचायती राज, राष्ट्रीय आंदोलन में बिहार का योगदान, भारत में राष्ट्रवाद, समाजवाद एवं साम्यवाद,
- प्रकाश–परावर्तन तथा अपवर्तन, मानव नेत्र तथा रंगबिरंगा संसार, विद्युत, विद्युत धारा के चुंबकीय प्रभाव, उर्जा के स्त्रोत, रसायनिक अभिक्रियाएँ एवं समीकरण, अम्ल, क्षारक एवं लवण, धातु एवं अधातु, कार्बन एवं उसके यौगिक, तत्वों का आवर्त्त, जैव प्रक्रम, जीव का प्रजनन, आनुवंशिकता एवं जैव विकास, हमारा पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन।
- समसामयिक घटनाऐं

**3.** 3. सामान्य हिन्दी — 30 अंक

- संज्ञा, सर्वनाम, लिंग, विशेषण, प्रविशेषण, पर्यायवाची शब्द, कारक, मुहावरा, काल, संधि, विलोम शब्द, समास, लोकोक्ति, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, शब्द–शुद्धि, वाक्य शुद्धि, तत्सम तदभव शब्द, उपसर्ग, मुहावरा, प्रत्यय, उपसर्ग
- 10वीं कक्षा की पाठ्यपुस्तक के गद्य खंड एवं काव्य खंड के अंश, रचनाकार पर आधारित प्रश्न।

**नोटः– उपरोक्त पाठ्यक्रम शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत कक्षा–10 पाठ्यक्रम के आधार पर तैयार किया गया है।**